# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21-12-23 | 10 | 3-5 |

# ज़रूरतमंद बच्चों को वितरित की प्रोत्साहन सामग्री

हिसार, 20 दिसम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की समाज कल्याण समिति की ओर से विश्वविद्यालय में स्थित कैंपस स्कूल के पढ़ने वाले जरूरतमंद व प्रतिभावान विद्यार्थियों को रोजमर्री उपयोग में आने वाली वस्तुएं वितरित की गई। समिति के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि समिति की ओर से 105 विद्यार्थियों को ट्रैक सूट, 75 को स्टेशनरी आइटम, 108 को हॉट केस टिफिन व 27 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज की धर्मपत्नी व उपरोक्त समिति की अध्यक्षा संतोष कुमारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। मुख्यातिथि संतोष कुमारी ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई में रूचि बनाए रखने के लिए उनकी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करना व प्रोत्साहन बहुत जरूरी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों के सहयोग व उनके नेक कार्यों के लिए सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार के समाज कल्याण के कार्य करते रहने का आह्वान किया। समाज कल्याण समिति की स्थापना विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति एएल फ्लेचर ने की थी व वर्तमान कुलपति प्रोफेसर बी आर काम्बोज ने इस संस्था का दोबारा से गठन किया और इसे पुनर्जीवित किया। इस संस्था के पुनर्गठन के बाद यह पांचवा कार्यक्रम है जिसके तहत जरूरतमंद बच्चों को सामान वितरित किया गया है।



बच्चों के साथ मुख्यातिथि संतोष कुमारी व समाज कल्याण समिति के सदस्य।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21-12-23 | 2 | 7-8 |

## समिति ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित की प्रोत्साहन सामग्री

**जासं, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की समाज कल्याण समिति की ओर से विश्वविद्यालय में स्थित कैंपस स्कूल के पढ़ने वाले जरूरतमंद व प्रतिभावान विद्यार्थियों को रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुएं वितरित की गई। समिति के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि समिति की ओर से 105 विद्यार्थियों को ट्रैक सूट, 75 को स्टेशनरी आइटम, 108 को हाट केस टिफिन व 27 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज की पत्नी व उपरोक्त समिति की अध्यक्षा संतोष कुमारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। परीक्षा नियंत्रक डा. पवन कुमार, हिन्दी व हरियाणवी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अपर्णा व कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सरमा धुलिपाला मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21.12.23 | 12 | 1 |

## जरूरतमंदों को वितरित की प्रोत्साहन सामग्री

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की समाज कल्याण समिति की ओर से विश्वविद्यालय में स्थित कैंपस स्कूल के पढ़ने वाले जरूरतमंद व प्रतिभावान विद्यार्थियों को रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुएं वितरित की गई। समिति के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि समिति की ओर से 105 विद्यार्थियों को ट्रैक सूट, 75 को स्टेशनरी आइटम, 108 को हॉट केस टिफिन व 27 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज की धर्मपत्नी व समिति की अध्यक्षा संतोष कुमारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 21-12-23 | 2 | 7-8 |

## जरूरतमंद बच्चों को वितरित की प्रोत्साहन सामग्री

हिसार, 20 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की समाज कल्याण समिति की ओर से विश्वविद्यालय में स्थित कैंपस स्कूल के पढ़ने वाले जरूरतमंद व प्रतिभावान विद्यार्थियों को रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुएं वितरित की गई।

समिति के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि समिति की ओर से 105 विद्यार्थियों को ट्रैक सूट, 75 को स्टेशनरी आइटम, 108 को टिफिन व 27 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रोफैसर बी.आर. काम्बोज की धर्मपत्नी व उपरोक्त समिति की अध्यक्षा संतोष कुमारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21-12-23 | 4 | 1-5 |

### हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने गेहूं की बिजाई के बाद देखभाल के लिए जारी की सिफारिशें


# गेहूं की फसल में हो सकता है मोल्या बीमारी का प्रकोप, पौधों को पड़ने, बौनेपन और पीलेपन से बचाना जरूरी

यशपाल सिंह | हिसार

गेहूं की बिजाई के बाद अब इसकी देखभाल की जरूरत है। गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, भिवानी, रोहतक और फरीदाबाद जिलों के कुछ भागों में मोल्या नामक बीमारी के कारण खेत में कहीं-कहीं पौधे बौने, पीले व सूखे से दिखाई देते-हैं। जस्ते की कमी व दीमक का प्रकोप भी हो सकता है।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि मोल्या रोग एनिमेटेड जनित रोग है। ये पौधों की जड़ों से संबंधित रोग है और रेतीली जमीन में ज्यादा होता है। यह खेत में पैचिज में फैलता है और एक खेत से दूसरे खेत में भी फसल को लपेटे में ले सकता है। यदि ऐसा दिखाई दे तो इसका बचाव जरूरी है। मोल्या से अत्यधिक रोगग्रस्त खेत में 500 ग्राम जिंक सल्फेट और 2 से 2.5 किलोग्राम यूरिया को 100 लीटर पानी में मिलाकर घोल का छिड़काव खेत में करें। यह स्प्रे पत्तों पर जाने से प्रकाश संश्लेषण के जरिए पत्ते भोजन बना लेंगे और फसल उत्पादन को ज्यादा नुकसान नहीं होगा।

## जस्ते की कमी दिखने पर ये उपाय करें



वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई के अनुसार नवंबर के शुरू में बोई गई गेहूं की देसी किस्म की पत्तियों पर जस्ते की कमी के लक्षण दिखें तो एक किलोग्राम जिंक सल्फेट, 5 किलोग्राम यूरिया मिलाकर 200 लीटर पानी में घोलकर एक एकड़ में छिड़काव कर दें। 15 दिन बाद जिंक व यूरिया से दूसरा छिड़काव करें। नाइट्रोजन खाद की बाकी आधी मात्रा पहली सिंचाई के समय डाल देनी चाहिए। देसी गेहूं के लिए 25 किलोग्राम यूरिया और बौनी किस्मों के लिए 65 किलोग्राम यूरिया बिजाई के समय प्रति एकड़ डालें। बची हुई 65 किलोग्राम यूरिया जमीन अधिक रेतीली है तो इसमें यूरिया की मात्रा का आधा भाग पहली सिंचाई पर डालें और आधा भाग गेहूं में दूसरे पानी पर डालें। खाद डालने के बाद गोडी अवश्य कर दें।

**दीमक से बचावः** फसल को दीमक से बचाने के लिए बिजाई के एक दिन पहले 100 किलोग्राम बीज को 150 मिली क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी. या 500 मिली. इथियान 50 ईसी. से उपचारित करें। दवाई में पानी मिलाकर कुल 5 लीटर घोल बनाएं, फर्श पर रखे बीज पर छिड़कें तथा अच्छी तरह मिलाएं ताकि दवा हर बीज को लग जाए।

## पाले से बचाने के लिए फसलों में हल्की सिंचाई करते रहें किसान

करनाल | पाला किसी प्रकार का रोग न होते हुए भी फसलों, सब्जियों, फूलों एवं फल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। पाले के कारण सब्जियों में 80-90 प्रतिशत, दलहनी फसलों में 60-70 प्रतिशत और गेहूं व जौ में 10-20 प्रतिशत का नुकसान होता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अगले दिनों में धुंध और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। ऐसे में फसल में हल्की सिंचाई कर देनी चाहिए।

स्प्रिंकलर से सिंचाई की स्थिति में किसानों को प्रातः काल से सूर्योदय तक लगातार चलाकर पाले से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। जब भी पाला पड़ने की आशंका नजर आए तो रात्रि में फसलों के पास अपशिष्ट पदार्थों को जलाकर धुआं कर देना चाहिए। यह धुआं जमीन की गर्मी, जो विकिरण द्वारा नष्ट हो जाती है, उसे रोकता है। इससे तापमान जमाव बिंदु तक नहीं गिर पाता और पाले से होने वाली हानि से बचा जा सकता है। गंधक का छिड़काव करके पाले से फसल का बचाव जिन दिनों पाला पड़ने की सम्भावना हो उन दिनों फसलों पर 1 एमएल गंधक का तेजाब या डाईमिथाईल सल्फोआक्साइड प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। छोटे पौधे और सब्जी पर भी पाले का सबसे ज्यादा असर पड़ता है। छोटे पौधों को पराली या गन्ने की पाती से बचाव करें। पराली से इस तरह ढके, जिसमें पौधे को धूप और हवा भी मिलती रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पायनियर | 20.12.2023 | -- | -- |

# एचएयू की समाज कल्याण समिति ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित की प्रोत्साहन सामग्री

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की समाज कल्याण समिति की ओर से विश्वविद्यालय में स्थित कैंपस स्कूल के पढने वाले जरूरतमंद व प्रतिभावान विद्यार्थियों को रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुएं वितरित की गई। समिति के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि समिति की ओर से 105 विद्यार्थियों को ट्रैक सूट, 75 को स्टेशनरी आइटम, 108 को हॉट केस टिफिन व 27 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज की धर्मपत्नी व उपरोक्त समिति की अध्यक्षा संतोष कुमारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। मुख्यातिथि संतोष कुमारी ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई में रूचि बनाए रखने के लिए उनकी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करना व प्रोत्साहन बहुत जरूरी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों के सहयोग व उनके नेक कार्यों के लिए सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार के समाज कल्याण के कार्य करते रहने का आह्वान किया। समाज कल्याण समिति की स्थापना विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति श्री ए एल फ्लेचर ने की थी व वर्तमान कुलपति प्रोफेसर बी आर काम्बोज ने इस संस्था का दोबारा से गठन किया और इसे पुनर्जीवित किया। इस संस्था के पुनर्गठन के बाद यह पांचवा कार्यक्रम है जिसके तहत जरूरतमंद बच्चों को सामान वितरित किया गया है। इससे पहले भी कैंपस स्कूल व विश्वविद्यालय स्थित सरकारी स्कूल के 200 से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां व हॉट केस टिफिन आदि वितरित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, हिन्दी व हरियाणवी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा व कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सरमा धुलिपाला सहित समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 20.12.2023 | -- | -- |


# एचएयू की समाज कल्याण समिति ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित की प्रोत्साहन सामग्री

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की समाज कल्याण समिति की ओर से विश्वविद्यालय में स्थित कैंपस स्कूल के पढ़ने वाले जरूरतमंद व प्रतिभावान विद्यार्थियों को रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुएं वितरित की गई। समिति के सचिव कपिल अरोड़ा ने बताया कि समिति की ओर से 105 विद्यार्थियों को ट्रैक सूट, 75 को स्टेशनरी आइटम, 108 को हॉट केस टिफिन व 27 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज की धर्मपत्नी व उपरोक्त समिति की अध्यक्षा संतोष कुमारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही।



बच्चों के साथ मुख्यातिथि श्रीमती संतोष कुमारी व समाज कल्याण समिति के सदस्य

मुख्यातिथि ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई में रूचि बनाए रखने के लिए उनकी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करना व प्रोत्साहन बहुत जरूरी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों के सहयोग व उनके नेक कार्यों के लिए सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार के समाज कल्याण के कार्य करते रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, हिन्दी व हरियाणवी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा व कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सरमा धुलिपाला सहित समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 20.12.2023 | -- | -- |

# एचएयू की समाज कल्याण समिति ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित की प्रोत्साहन सामग्री

हिसार ( चिराग टाइम्स )
हिसार = चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की समाज कल्याण समिति की ओर से विश्वविद्यालय में स्थित कैंपस स्कूल के पढ़ने वाले जरूरतमंद व प्रतिभावान विद्यार्थियों को रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुएं वितरित की गई। समिति के सचिव श्री कपिल अरोड़ा ने बताया कि समिति की ओर से 105 विद्यार्थियों को ट्रैक सूट, 75 को स्टेशनरी आइटम, 108 को हॉट केस टिफिन व 27 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज की धर्मपत्नी व उपरोक्त समिति की अध्यक्षा श्रीमती संतोष कुमारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही।



मुख्यातिथि श्रीमती संतोष कुमारी ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई में रूचि बनाए रखने के लिए उनकी छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करना व प्रोत्साहन बहुत जरूरी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों के सहयोग व उनके नेक कार्यों के लिए सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार के समाज कल्याण के कार्य करते रहने का आह्वान किया।

**कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने पुनर्जीवित की थी संस्था**

समाज कल्याण समिति की स्थापना विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति श्री ए एल फ्लेचर ने की थी व वर्तमान कुलपति प्रोफेसर बी आर काम्बोज ने इस संस्था का दोबारा से गठन किया और इसे पुनर्जीवित किया। इस संस्था के पुनर्गठन के बाद यह पांचवा कार्यक्रम है जिसके तहत जरूरतमंद बच्चों को सामान वितरित किया गया है।

इससे पहले भी कैंपस स्कूल व विश्वविद्यालय स्थित सरकारी स्कूल के 200 से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां व हॉट केस टिफिन आदि वितरित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, हिन्दी व हरियाणवी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा व कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सरमा धुलिपाला सहित समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।